हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
03 जून 2025, समय 1810

मुख्य समाचार :-

- ऑपरेशन सिन्दूर के बाद देश के सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडलो ने विभिन्न देशो को भारत के आतंकवाद के खिलाफ सैद्धांतिक और दृढ़ रुख से अवगत कराया।
- विभिन्न देशो ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का समर्थन किया।
- इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों ने पहलगाम हमले , और ऑपरेशन सिन्दूर के बाद आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिक्रिया पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की।
- हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कुरुक्षेत्र ,अम्बाला और कैथल ज़िलों में स्वास्थय सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच बढ़ाने पर बल दिया।
- अम्बाला में कोरोना के दो पॉजिटिव मामले आने के बाद स्वस्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हुआ।

*************************************************************************

भारतीय जनता पार्टी के सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल अल्जीरिया, सऊदी अरब, कुवैत और बहरीन की सफल यात्रा से आज सुबह स्वदेश लौटा। दो और प्रतिनिधिमंडल भी आज वापसी करेंगे। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में बैजयंत पांडा ने इस दौरे को सफल बताया और कहा कि जिन देशों की उन्होंने यात्रा की है, उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ स्पष्ट कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ये देश भारत की चिंताओं को समझते हैं और उन्हें किसी प्रमाण की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल की यात्रा का उद्देश्य पहलगाम में आतंकवादी हमले और आतंकवाद के प्रति भारत की प्रतिक्रिया के बारे में तथ्यों को साझा करना था।डीएमके सांसद कनिमोई करूणानिधि के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल रूस, लातविया, स्लोवेनिया, ग्रीस और स्पेन की यात्रा पूरी करने के बाद भारत लौटेगा।जनता दल यूनाइटेड के सांसद संजय कुमार के नेतृत्व में एक और प्रतिनिधिमंडल भी आज शाम वापस लौटने वाला है। इससे पहले, आज उन्होंने मलेशिया की विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर संसदीय विशेष समिति के साथ बैठक की। उन्होंने प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष से भी मुलाकात की।अपनी यात्रा के दौरान, प्रतिनिधिमंडलों ने आतंकवाद के सभी प्रारूपों के खिलाफ भारत की कतई बर्दाश्त न करने की नीति का कड़ा संदेश दिया। इस बीच, कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने ब्राजील में वरिष्ठ नेताओं और अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठकें की। प्रतिनिधिमंडल अपनी यात्रा के अंतिम चरण में अमरीका

जाएगा। भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ ही पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल के वाशिंगटन दौरे पर श्री थरूर ने कहा कि एक साथ हो रही यात्राओं ने माहौल को और रुचिपूर्ण बना दिया है।एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में एक अन्य बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल ने काहिरा में मिस्र के विदेश मामलों की परिषद के साथ बैठक की। लाइबेरिया में शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति जोसेफ न्यूमा बोकाई और विदेश मंत्री सारा बेसोलो न्यांती से मुलाकात की। उन्होंने प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष रिचर्ड नागबे कून के साथ बैठक की। मीडिया से बातचीत में श्री शिंदे ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने जिन देशों का दौरा किया, उन सभी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के प्रति समर्थन व्यक्त किया है। उन देशों ने स्वीकार किया है कि आतंकवाद आज सीमाओं को पार करके एक वैश्विक खतरा बन चुका है।

***************************************************************************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए पूरा राष्ट्र भारतीय सैनिकों की वीरता को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। इसी कड़ी में आज हम परमवीर चक्र से सम्मानित सेकेंड लेफ्टिनेंट राम राघोबा राणे को याद कर रहे हैं, जिन्होंने वर्ष 1947-48 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान अविश्वसनीय बहादुरी का प्रदर्शन किया था।

*वर्ष 1918 में वर्तमान में कर्नाटक में जन्मे सेकंड लेफ्टिनेंट रामा राघोबा राणें, दिसंबर 1947 में सेना की इंजीनियर्स कोर में शामिल हुए। 21 वर्षों की अपनी सैन्य सेवा के दौरान उन्हें पांच बार मेंशन इन डिस्पैच सम्मान प्राप्त हुआ। वर्ष 1947-48 में भारत पाक युद्ध के दौरान भारतीय सेवा ने मार्च 1948 में जहांगीर क्षेत्र पर पुनः नियंत्रण प्राप्त करने के बाद वहां के नागरिकों को दुश्मन की क्रूरता से बचाने के लिए नौशेरा से राजौरी की ओर एक अग्रिम अभियान की योजना बनाई। 8 अप्रैल को चार डोगरा बटालियन ने अपना हमला शुरू किया, लेकिन उसका मार्ग बारुदी सुरंगों और सड़क अवरोधों से बाधित था। सेकंड लेफ्टिनेंट रामा राघोबा राणें, इस दौरान 37 एसॉल्ट फील्ड कंपनी की एक टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे। सेकंड लेफ्टिनेंट राणें ने इस दौरान शत्रु के मोर्टार हमलों के बीच असाधारण साहस और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया। 8 अप्रैल के दिन घायल होने के बावजूद भी, उन्होंने टैंकों के लिए मार्ग को साफ करने के लिए बारूदी सुरंगों और बाधाओं को हटाने का कार्य जारी रखा। उनके इन्हीं प्रयासों के कारण भारतीय सेना राजौरी तक पहुंचने में सफल हुई, जिससे दुश्मन को भारी नुकसान पहुंचा और असंख्य निर्दोष नागरिकों का जीवन बचाया जा सका। उनके अद्वितीय*

*साहस दृढ निश्चय और सेवा भावना के लिए सेकंड लेफ्टिनेंट रामा राघोबा राणें को परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली*

**********************************************************************

इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों ने पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिक्रिया पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। इंडिया गठबंधन की आज नई दिल्ली में आयोजित बैठक के बाद कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने मीडिया को बताया कि इस मामले को लेकर 16 राजनीतिक दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है।

********************************************************************

हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव ने कुरुक्षेत्र, अंबाला और कैथल जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया है।स्वास्थ्य मंत्री आज महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं और इन तीनों जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। बैठक में स्वास्थ्य सुविधाओं की वर्तमान स्थिति का आकलन किया गया और सुधार के लिए रूपरेखा तैयार की गई।स्वास्थ्य मंत्री ने उन्होंने रिक्त पदों, चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता और कार्यक्षमता, बुनियादी ढांचे के रखरखाव और सार्वजनिक स्वास्थ्य वितरण को प्रभावित करने वाले अन्य प्रमुख विभागीय मुद्दों पर विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को रिक्त पदों, विशेष रूप से डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ के रिक्त पदों को भरने के लिए भर्ती प्रक्रियाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए।मंत्री ने खराब उपकरणों की तुरंत मरम्मत करवाने या उन्हें बदलने व स्वास्थ्य सुविधाओं का नियमित रखरखाव सुनिश्चित करने की हिदायत भी की। मंत्री ने जिला स्तरीय स्वास्थ्य संकेतकों की भी समीक्षा की और नियमित निगरानी, बेहतर डेटा रिपोर्टिंग और अंतर-विभागीय तालमेल के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने जिला स्तरीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार की ओर से पूर्ण समर्थन का आश्वासन भी दिया।

**********************************************************************

अंबाला में दो कोरोना पॉजिटिव मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है।

उन्होंने कहा कि अस्पताल में ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं है।डॉ पूजा ने कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों और मरीजों को मास्क और सेनेटाइजर वितरित कर दिए गए है

***************************************************************************

सांसद नवीन जिंदल ने कहा है कि आज देश मजबूत हो रहा है। देश की अर्थव्यवस्था चौतहु बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है ।

वो , नवीन जिंदल फाउंडेशन का सेवा, समर्पण और विकास का एक वर्ष पूर्ण होने पर आज कुरुक्षेत्र में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि नवीन जिंदल फाउंडेशन "नवीन अवसर नवीन प्रयास" कार्यक्रम के तहत हरियाणा के मुख्यमंत्री के साथ एक समझौता भी हस्ताक्षर कर रही है। जिसके तहत कुरुक्षेत्र के गांव बहलोलपुर की आईटीआई को मिलकर अपग्रेड किया जाएगा और उस अत्याधुनिक बनाया जाएगा।

***************************************************************************